साई कॉलेज सेक्टर 6 के एमएससी, एमकॉम एवं बीबीए के छात्रों हेतु इडस्ट्रियल विजिट आयोजित

भिलाईनगर। आज 27 नवंबर को साईं महाविद्यालय, सेक्टर 6 के द्वारा एमएससी बायोटेक्रोलॉजी, एमएससी केमेस्ट्री , एमएससी कंप्यूटर साइंस, एम कॉम व बीबीए के छात्र छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट के अंतर्गत अक्षय पात्र फाउंडेशन सेक्टर 6 ले जाया गया ।

अक्षय पात्र एक प्रसिद्ध एनजीओ है जो गवर्नमेंट व बीएसपी के सहयोग से राज्य के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में मध्यान भोजन के कार्यक्रम को चलाती है भारत के अलावा दूसरे देशों में भी अक्षय पात्र की शाखाएं हैं जो इस तरह के कार्य कर रही है। अक्षय पात्र के अधिकारियों के द्वारा छात्रों को क्वालिटी कंट्रोल एंड मैनेजमेंट स्किल्स के बारे में जानकारी दी गई। इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में महाविद्यालय प्रबंधन एवं महाविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट से डॉ विमल कुमार व कुमारी श्रद्धा नामदेव एवं साइंस डिपार्टमेंट से साइंस विभाग की डीन डॉ सोनल खंडेलवाल व श्रीमती शशि साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।